ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 06 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 355

सुप्रीम कोर्ट बोला- शादी का वादा तोड़ना रेप नहीं:16 साल लिवइन में रहने के बाद महिला रेप का आरोप नहीं लगा सकती



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा कि 16 साल तक लिवइन रिलेशनशिप में रहने के बाद कोई महिला रेप का आरोप नहीं लगा सकती। सिर्फ शादी करने का वादा तोड़ने से रेप का मामला नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो जाए कि शुरुआत से ही शादी की कोई मंशा नहीं थी। महिला ने 2022 में अपने पूर्व लिवइन पार्टनर पर रेप का केस दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि 2006 में पार्टनर जबरदस्ती उसके घर में घुसा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी का झांसा देकर 16 साल तक उसका शोषण किया। फिर किसी दूसरी महिला से शादी कर ली।

कोर्ट बोला- पढ़ी-लिखी महिला इतने साल धोखे में कैसे रह सकती है

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई महिला इतने समय तक रिश्ते में रहती है, तो इसे धोखा या जबरदस्ती नहीं कहा जा सकता है। यह मामला लिवइन रिलेशनशिप के बिगड़ने का है, न कि रेप का। कोर्ट ने सवाल उठाया कि एक पढ़ी-लिखी और आत्मनिर्भर महिला इतने सालों तक किसी के धोखे में कैसे रह सकती है। ऐसा कैसे हो सकता है कि जब अचानक उसका पार्टनर किसी और से शादी कर ले, तब केस दर्ज कराए। कोर्ट ने मामला खत्म करते हुए कहा कि केस जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- शादी का वादा तोड़ना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं होता

इसी तरह के एक अन्य मामले के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 2024 में कहा था कि ब्रेकअप या शादी का वादा तोड़ना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं हो सकता। हालांकि, ऐसे वादे टूटने पर शख्स इमोशनली परेशान हो सकता है। अगर वह सुसाइड कर लेता है, तो इसके लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जा सकता। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पटल दिया था। कर्नाटक हाईकोर्ट आरोपी कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया गया था।हाईकोर्ट ने आरोपी को 5 साल की जेल और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को क्रिमिनल केस न मानकर नॉर्मल ब्रेकअप केस माना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट से पहले ट्रायल कोर्ट भी आरोपी को बरी कर चुका था।

आंख के बदले आंख' की तर्ज पर टैरिफ लगाएंगे ट्रम्पःभारत को हर साल 61 हजार करोड़ का नुकसान, अमेरिकी सामान सस्ते हो सकते हैं




24 न्यूज अपडेट

अमेरिका 2 अप्रैल से भारत पर 'आंख के बदले आंख' की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। इसका मतलब यह कि भारत जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों से आने वाले सामान पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही टैरिफ भारतीय कंपनियों के अमेरिका जाने वाले सामान पर लगाएगा। ये ऐलान अमेरिका का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक 5 मार्च को सुबह अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया।

अमेरिका इस फैसले से भारत पर क्या असर होगा? क्या अमेरिकी सामान सस्ता हो जाएगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा क्यों कर रहे हैं।

सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर 74,340 पर बंदःनिफ्टी में 207 अंकों की रही; मेटल, फार्मा और ऑयल एंड गैस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार (6 मार्च) को सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर 74,340 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 207 अंकों की तेजी है, ये 22,544 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल, फार्मा और ऑयल एंड गैस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े हैं।

निफ्टी मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स करीब 2.5% चढ़ा है। फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स करीब 1.50% ऊपर है। ऑटो और मीडिया इंडेक्स करीब 1% ऊपर बंद हुआ। एशियन पेंट, रिलायंस और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप गेनर्स रहे।

कार और ट्रक की टक्कर में 5 की मौत, रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा



रायपुरः मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में आज एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. मंदिर हसौद थाना पुलिस के मुताबिक कार और ट्रक के बीच ये टक्कर हुई. पुलिस अधिकारी के मुताबिक कार का टायर पंक्चर होने के बाद वो बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई उसके बाद उसकी टक्कर ट्रक से हो गई. दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि पांच लोगों की जान चली गई. जिस जगह पर हादसा हुआ वो राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 53 का क्षेत्र है. सड़क हादसे में 5 की दर्दनाक मौतः रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार में सवार सभी लोग आरंग की ओर आ रहे थे, तभी ये हादसा हुआ. कार में सवार चार लोगों की मौत मौके पर हो गई. कार में सवार पांचवे शख्स की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई.

मंदिर हसौद थाना के उमरिया गांव के पास हुआ हादसाः हादसा इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए. बताया जा रहा है कि कार का टायर फटने से ये हादसा हुआ. हादसे के बाद आस पास के लोगों ने तत्काल कार में सवार लोगों को बाहर निकाला. कार में सवार 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था. एक शख्स की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई. मंदिर हसौद पुलिस अब हादसे के शिकार लोगों के परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी है.

मोदी उत्तराखंड में- मुखवा में गंगा पूजा की



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड दौरे पर हैं। पीएम सबसे पहले उत्तरकाशी के मुखवा पहुंचे। मुखवा को मां गंगा का मायका कहा जाता है। यहां उन्होंने मां गंगा के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद बाइक रैली को रवाना किया। पीएम ने यहां व्यू पॉइंट से हर्षिल घाटी देखी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ठंड में जब देश के बडे हिस्से में कोहरा होता है, सूर्य के दर्शन नहीं होते, तब पहाड़ों पर धूप होती है। ऐसे में कई लोग यहां धूप सेंकने आ सकते हैं। इसके लिए घाम तापो (धूप सेंको) पर्यटन हो सकता है। मैं कंपनियों से कहना चाहता हूं कि वे अपने बड़े-बड़े सेमिनार, कॉन्फ्रेंस के लिए उत्तराखंड आएं।

पीएम बनने के तीसरे कार्यकाल में मोदी का यह उत्तराखंड का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 28 जनवरी को 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने उत्तराखंड आए थे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन शुरू किया है। CM पुष्पेंद्र धामी ने कहा - इस दौरे से अर्थव्यवस्था, होमस्टे टूरिज्म, बॉर्डर एरिया के गांव के डेवलपमेंट को गति मिलने की उम्मीद है।

सनातन विरोधी टिप्पणी,उदयनिधि को कोर्ट में पेश होने से छूट बिना अनुमति के नई FIR भी नहीं होगी; सुप्रीम कोर्ट का आदेश



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आदेश दिया कि उसकी अनुमति के बिना सनातन धर्म विरोधी टिप्पणी मामले में तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन पर कोई नई FIR नहीं होगी।

इसके अलावा CJI संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने उदयनिधि के सुनवाई में उपस्थित रहने से छूट का अंतरिम आदेश भी बढ़ा दिया।

उदयनिधि ने 2023 के मामले में दायर कई FIR को एक साथ मिलाकर तमिलनाडु में ही एक मामला चलाने की याचिका दायर की थी। इसी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

तमिलनाडु CM एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने 2 सितंबर, 2023 को चेन्नई के एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था।

उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू से करते हुए इसे खत्म करने की बात कही थी।

माफी मांगने से इनकार कर चुके हैं उदयनिधि

उदयनिधि ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार कर दिया था। 7 सितंबर को चेन्नई में एक इवेंट में उन्होंने कहा कि मैंने सनातन को लेकर वही बातें कहीं, जो पेरियार, अन्नादुराई और करुणानिधि भी कहते थे। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

तमिलनाडु समेत देशभर में कई कोर्ट केस भी हुए। मुझे माफी मांगने के लिए भी कहा गया, लेकिन मैं कलैगनार (कला के विद्वान) का पोता हूं। मैं माफी नहीं मांगूंगा। उदयनिधि ने कहा- मेरी टिप्पणियों का उद्देश्य महिलाओं के प्रति दमनकारी प्रथाओं के बारे में बताना था।

हिंदू धर्म में महिलाओं को पढ़ने की अनुमति नहीं थी। वे अपने घर से बाहर नहीं जा सकती थीं और अगर उनके पति मर जाएं तो उन्हें भी मरना पड़ता था। पेरियार ने इन सबके खिलाफ आवाज उठाई थी।

जियोस्टार 1100 कर्मचारियों को निकालेगी:1 साल तक की सैलरी भी देगी, वॉल्ट डिज्नी के साथ मर्जर के बाद गैर-जरूरी रोल खत्म कर रही कंपनी



24 न्यूज अपडेट

जियोस्टार अपने 1100 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जा रही है। इसकी पेरेंट कंपनी वायाकॉम18 का वॉल्ट डिज्नी के साथ नवंबर 2024 में मर्जर के बाद कुछ कर्मचारियों के रोल ओवरलैप हो रहे थे। यानी एक पोजिशन पर दो लोग हो रहे थे। इसलिए कंपनी ने यह फैसला लिया है। इस बात की जानकारी मींट ने सोर्सेस के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मर्जर के बाद रिस्ट्रक्चरिंग के तहत कंपनी में छंटनी की शुरुआत पिछले महीने हुई थी, जो जून तक जारी रह सकती है। कंपनी डिस्ट्रीब्यूशन, फाइनेंस, कॉमर्शियल और लीगल डिपार्टमेंट में गैर-जरूरी रोल को खत्म कर रही है।

एक साल तक की सैलरी देकर नौकरी से निकाल रही कंपनी

कंपनी जिन एंप्लॉइज को फायर कर रही है उन्हें 1 साल तक की सैलरी देकर कर रही है। अगर किसी कर्मचारी ने एक साल पहले जॉइन किया था तो उसे एक महीने का पूरा वेतन मिलेगा और इसी हिसाब से बाकी कर्मचारियों को भी मिलेगी।

डिज्नी स्टार इंडिया और रिलायंस का वॉयकॉम-18 का मर्जर पिछले साल नवंबर में हुआ था। इसमें डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा भी शामिल है। इन दोनों कंपनियों ने गुरुवार, 14 नवंबर को इसका ऐलान किया था। मर्जर के बाद ये देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है।

डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2 ओवर द टॉप यानी, OTT और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मर्जर की प्रोसेस बीते करीब एक साल से चल रही थी।

UAE में 2 और भारतीयों को मौत की सजाःहत्या के दोषी थे, 19 दिन पहले वहां UP की महिला को फांसी हुई थी



24 न्यूज अपडेट

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में दो और भारतीय नागरिकों को फांसी दी गई है। दोनों हत्या के दोषी ठहराए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय विदेश मंत्रालय ने फांसी दिए जाने की पुष्टि की है। UAE अधिकारियों ने 28 फरवरी 2025 को भारत के दूतावास को सूचित किया कि दोनों को फांसी दे दी गई है। फांसी किस तारीख को दी गई, यह अभी साफ नहीं है। दोनों केरल के हैं। उनके नाम मोहम्मद रिनाश अरंगीलोट्टू और मुरलीधरन पेरुमथट्टा वलाप्पिल हैं।

भारत ने क्षमादान की अपील की थी, कोर्ट ने ठुकराया

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय दूतावास ने दया याचिका और क्षमादान के लिए अपील की थी, लेकिन UAE की सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा को बरकरार रखा। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों के परिवारों को फांसी की सूचना दे दी गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिनाश अल ऐन में एक ट्रैवल एजेंसी में काम करता था। उसने UAE के नागरिक की हत्या की थी। वहीं, मुरलीधरन को एक भारतीय शख्स की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि उसने दोनों को हर संभव कानूनी मदद मुहैया कराई। मंत्रालय दोनों के परिवार के सदस्यों को अंतिम संस्कार में शामिल होने की व्यवस्था करने की कोशिश कर रहा है।

तेलंगाना टनल हादसा, 13 दिन से फंसे 8 मजदूरः5 साल पहले ही हादसे की चेतावनी दी गई थी, कोई एक्शन नहीं लिया गया



तेलंगाना के नागरकुर्नूल में 22 फरवरी को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल की छत गिर गई थी। हादसे में 8 मजदूर पिछले 13 दिन से फंसे हुए हैं। मजदूरों के बचने की उम्मीद कम है, हालांकि तलाशी अभियान अभी भी चलाया जा रहा है। इंडियन एक्सप्रेस ने एक रिपोर्ट के हवाले से बताया- करीब 5 साल पहले टनल के कुछ फॉल्ट जोन और कमजोर चट्टानों के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया था। दरअसल साल 2020 में एमबर्ग टेक एजी नाम की कंपनी ने एक सर्वे किया था।

रिपोर्ट में बताया गया था कि 14 किमी लंबे इस टनल के 13.88 किमी से 13.91 किमी के हिस्से की चट्टानें कमजोर हैं। इस हिस्से में पानी भी भरा हुआ है। जमीन खिसकने का भी खतरा है। बचावकर्मियों के मुताबिक जिस हिस्से को रिपोर्ट में खतरनाक बताया गया था, वही हिस्सा गिरा है। सर्वे रिपोर्ट टनल बनाने वाली कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को भी दी गई थी। हालांकि राज्य सरकार के सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी थी या नहीं, यह साफ नहीं है। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है।

दूसरे रिपोर्ट में भी टनल में खामियां बताई गईं

2020 में एक अन्य स्टडी में सुरंग में खामियों की बात सामने आई थी। स्टडी में कहा गया कि टनल की खुदाई बिना पुख्ता भू-तकनीकी जांच के की गई थी। यह इलाका टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट में आता है, इसलिए जमीन की खुदाई कर जांच करने की इजाजत नहीं मिली थी।

जब जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड से संपर्क किया गया तो उन्होंने रिपोर्ट की पुष्टि की। लेकिन डिटेल जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे पर कोई कमेंट नहीं कर सकते हैं। एमबर्ग टेक एजी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, उन्होंने कहा कि रिपोर्ट और इसका डेटा गोपनीय है।

संपादकीय : युद्ध के विरुद्ध

आखिरकार अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। हालांकि इसके पीछे तर्क दिया गया है कि रोक अस्थायी है और यह समीक्षा करने के लिए लगाई गई है कि इससे रूस- यूक्रेन संघर्ष समाप्त हो पाएगा या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुरू से दावा करते आ रहे हैं कि वे इस युद्ध को रुकवा कर रहेंगे। इसके लिए उन्होंने यूक्रेन पर नकेल कसने का रास्ता अख्तियार किया यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने की मंशा भी जाहिर कर दी थी । यहां तक कि यूक्रेनी राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की से कह दिया कि इस युद्ध में अमेरिका ने उन्हें जितना धन दिया है, वे उसकी वसूली करेंगे। इसके लिए यूक्रेन में खनिज निकालने पर समझौते का प्रस्ताव रखा, जिस पर हस्ताक्षर के लिए जेलेंस्की वाइट हाउस पहुंचे थे। मगर दोनों नेताओं के बीच बातचीत तल्ख बहस में बदल गई और सारी स्थिति पलटती नजर आने लगी। उसके बाद अमेरिका का यह कदम सामने आया है। स्वाभाविक ही, अब यूक्रेन के लिए रूस का सामना करना आसान नहीं होगा। यूक्रेन को सबसे अधिक धन और अत्याधुनिक हथियार अमेरिका से मिल रहे थे उसी पर रोक लग गई है। हालांकि ट्रंप के साथ जेलेंस्की की बहस के बाद यूरोपीय देश एकजुट होने लगे। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका की निंदा नहीं की, पर यूक्रेन के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मगर यूरोपीय देशों की भी अपनी सीमाएं हैं उनकी मदद से यूक्रेन के लिए रूस का मुकाबला करना संभव नहीं होगा। यूरोपीय देश खुद आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं, इसलिए वे यूक्रेन की कितनी आर्थिक मदद कर पाएंगे, कहना मुश्किल है। अभी तक वे जो आर्थिक मदद देते आ रहे हैं, वह कुल मिला कर अमेरिकी मदद की तुलना में आधे से भी कम है। फिर, यूरोपीय देशों के पास ऐसे अत्याधुनिक हथियार नहीं हैं, जैसे अमेरिका के पास हैं, जो रूस का मुकाबला कर सकें। जो हथियार उनके पास हैं भी, उनमें से ज्यादातर के संचालन की तकनीक अमेरिका की उपलब्ध कराई हुई है। इस तरह अमेरिका उन्हें नियंत्रित कर सकता है। पर, असल चिंता की बात यह होगी कि यूरोपीय देश अमेरिका के खिलाफ कब तक खड़े रह सकते हैं। इसलिए यूक्रेन पर अमेरिका की शर्तें मानने का दबाव बढ़ गया है। पर डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी अपने इस कदम पर देर तक कायम रह पाना शायद संभव न हो, क्योंकि इसके खिलाफ अमेरिका में विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। अमेरिका सदा से लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा की दुहाई देता रहा है। इसके लिए वह कई देशों में अपने सैनिक भी उतारता रहा है। मगर ट्रंप ने इसके ठीक उलट कदम उठाया है। यह छिपी बात नहीं है कि यूक्रेन अपनी आजादी की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। रूस अपनी जिद के आगे उसे घुटने टेकने पर मजबूर करना चाहता है। उसने खुल कर मानवाधिकारों का हनन किया है। ऐसे में ट्रंप ने अगर रूस से हाथ मिला लिया है और यूक्रेन के साथ लगभग वही व्यवहार कर रहे हैं, जो रूस करता आ रहा है, तो अमेरिकी नागरिक इस कदम को उचित नहीं ठहरा सकते। वैसे ही वहां ट्रंप के अनेक फैसलों को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसलिए रूस यूक्रेन के बीच शांति समझते के तरीके पर शायद उन्हें पुनर्विचार करना पड़े।

बेवजह टकराव

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर यह साफ कर दिया है कि इस मसले को अब और टालना संभव नहीं होगा। हिंदी भाषा को लेकर उनकी टिप्पणियां भी विवादित रही हैं। साफ है कि वे इन दोनों ही मुद्दों पर दक्षिणी राज्यों को एक पाले में करने की राजनीति कर रहे हैं, जिसे देश के संघीय ढांचे के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता। परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिणी राज्य चिंतित हैं, लेकिन तमिलनाडु अत्यधिक मुखर है। स्टालिन चाहते हैं कि वर्ष 1971 की जनगणना को 2026 से तीस वर्षों के लिए लोकसभा सीट के परिसीमन का आधार बनाया जाए। मगर उन्हें समझना चाहिए कि परिसीमन दरअसल एक संवैधानिक जरूरत है, जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि संसद में जनता के प्रतिनिधित्व और आबादी में हो रही बढ़ोतरी का अनुपात ठीक बना रहे। यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है। अब तक तीन बार हुए परिसीमन में राज्यों में आबादी के हिसाब से न्यायसंगत रूप से सीटों की संख्या निर्धारित हुई। दरअसल, अगले साल तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है। यही वजह है कि क्षेत्रीय भावनाएं सुलगाने की मुहिम में स्टालिन जुटे हुए हैं। स्टालिन ने हाल में नवयुगलों को जल्दी परिवार की योजना बनाने का सुझाव दिया और इसे परिसीमन के मुद्दे से जोड़ दिया। जहां तक भाषा का सवाल है, तमिलनाडु में शुरू से तीन भाषा नीति का विरोध होता रहा है। तीन भाषा नीति का हालिया विरोध ऐसे वक्त में हो रहा है, जब दक्षिण के राज्य परिसीमन को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। उन्हें डर है कि परिसीमन होने पर लोकसभा में दक्षिण के राज्यों की सीटें कम हो सकती हैं, जिससे केंद्र में उनकी आवाज कमजोर हो जाएगी। ऐसे में परिसीमन और हिंदी का विरोध एक साथ चल रहा है और दोनों एक-दूसरे को मजबूती दे रहे हैं। दरअसल, परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा की सीटों में बदलाव होगा। जनसंख्या के लिहाज से उत्तर भारत का पलड़ा भारी है। दक्षिण भारत के राज्यों को यही डर है कि जनसंख्या नियंत्रण पर बेहतर काम का उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। क्षेत्रीयता को हवा देना स्टालिन को राजनीति की आसान डगर लग सकती है, लेकिन उन्हें देश के संघीय ढांचे के बरे में सोचना चाहिए और इस मुद्दे पर केंद्र से बातचीत के जरिए राह निकालने की कोशिश करनी चाहिए ।

सनसनीखेज खुलासा : वकील पीयूष ने की थी नांदवेल सरपंच पर फायरिंग, प्रॉपर्टी विवाद था कारण, देसी कट्टे से लगाया था निशाना





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भांजे और नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर फायरिंग करने के आरोपी पीयूष राजपू त पिता मिथलेश निवासी बड़गांव को डबोक थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि आरोपी पीयूष पेशे से वकील है और उदयपुर कोर्ट में बीते 7 साल से प्रेक्टिस कर रहा है। प्रॉपर्टी विवाद के चलते इसने अपने साथी के साथ मिलकर सरपंच पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

मामले में इसका दूसरा साथी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की थी। आरोपी पीयूष ने घटना को अंजाम देने से पहले अपना मोबाइल किसी परिचित के होटल पर रख दिया था। ताकि पुलिस मोबाइल लोकेशन से उसे ट्रेस नहीं कर पाए।

आरोपी बोला-सरपंच ने जमीन का सौदा नहीं होने दिया

आरोपी पीयूष ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसके पिता मिथलेश ने सुरेश सालवी नाम के व्यक्ति से जमीन लेने की बात पक्की की थी। लेकिन नांदवेल सरपंच ने भी उसी जमीन को लेने के लिए सुरेश सालवी से सम्पर्क किया। सरपंच ने हमें जमीन नहीं लेने दी और खुद का लिखित सौदा कर लिया। पीयूष ने पुलिस को बताया कि इस बात से पिताजी परेशान थे, जिसे लेकर उसने सरपंच पर फायरिंग की योजना बनाई। इसके लिए उसने किसी से देसी कट्टा खरीदा था। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि आरोपी ने देसी कट्टा कहां और किससे खरीदा। इसका पता लगाया जाएगा। साथ ही जमीन बेचने वाले सुरेश सालवी की इस मामले में क्या स्पष्ट भूमिका रही है इस संबंध में सुरेश को बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

कार से उतरते ही कर दी फायरिंग

घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे की है जब सरपंच देवीलाल डांगी कार से अपने घर पहुंचे थे। जैसे ही कार से उतरकर बाहर निकले। तभी उनके पर फायरिंग कर दी। गोली उनके जांघ पर लगकर आर-पार निकल गई। उनके चिल्लाने पर बदमाश वहां से भाग गए।उनकी आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर आए और घायल सरपंच को हॉस्पिटल लेकर गए। सरपंच का कहना था कि वे जब घर पहुंचे थे, तब 2 युवक पास की टंकी पर पानी पी रहे थे, मुझे घटना का अंदाजा नहीं था। गाडी से बाहर निकलते ही उन्होंने फायरिंग कर दी।

फायरिंग के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार:नाथद्वारा की घटना में एक युवक हुआ था गंभीर घायल



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद के नाथद्वारा कस्बे में 4 दिन पहले फायरिंग की घटना में युवक के गंभीर घायल होने की घटना में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर थाना इंचार्ज समीर सेन के अनुसार गत 2 मार्च की शाम को गणेश टेकरी पर 4 दोस्त अक्षय कुमावत, वसीम उर्फ कालू, अजय वैरागी उर्फ पक्या, शिवम उर्फ मिथलेश गुर्जर बैठे थे। इस दौरान शिवम, व वसीम ने अजय वैरागी को पिस्टल चलाने के लिए उकसाया। जिस पर अजय वैरागी ने अक्षय कुमावत की तरफ पिस्टल चला दी। जिसमें अक्षय कुमावत के गले में गोली लगी। जिसके बाद तीनों आरोपी मौके से भाग गए। इस मामले में अक्षय कुमावत के भाई सागर कुमावत (26) पुत्र गिरिराज कुमावत निवासी फौज मोहल्ला, नाथद्वारा ने 3 मार्च को पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए तीनों नामजद आरोपी शिवम उर्फ मिथलेश (22) पुत्र संजय गुर्जर निवासी गुर्जरपुरा, अजय वैरागी उर्फ पक्या (23) पुत्र राकेश वैरागी निवासी धोइंदा व वसीम उर्फ कालू (19) निवासी गरीब नवाज कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया।

उद्योग दर्शन में नवाचार, उद्यमिता और ZED सर्टिफिकेशन पर हुई विशेष चर्चा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च। लघु उद्योग भारती उदयपुर का उद्योग दर्शन कार्यक्रम इस बार कलड़वास इकाई सचिव अभिजीत शर्मा की इकाई DA Solutions N Services पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज जोशी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष में प्रवेश को रेखांकित करते हुए पंच प्रण सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, और नागरिक कर्तव्य पर चर्चा की।

कार्यक्रम में विशेष रूप से ZED (Zero Effect Zero Defect) सर्टिफिकेशन पर चर्चा हुई, जिसमें जितेश ने इसकी उपयोगिता और MSMEs के लिए इसके लाभों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि ZED सर्टिफिकेट उद्योगों में गुणवत्ता सुधार, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि के लिए बेहद आवश्यक है। यह प्रमाणपत्र न केवल उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी मदद करता है।

लघु उद्योग भारती के प्रदेश मीडिया संयोजक तरुण दवे ने बताया कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद TCS और IBM जैसी कंपनियों में कार्य कर चुके अभिजीत शर्मा ने इज़राइली एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी का अध्ययन कर अपनी कंपनी DA Solutions N Services की स्थापना की। उनकी इकाई आज ग्रीनहाउस, पॉलीहाउस और एग्रो-टेक सॉल्यूशंस में नवाचार कर रही है और पूरे भारत में अपनी पहचान बना चुकी है।

कार्यक्रम में कलड़वास इकाई अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित, राकेश काबरा (कोषाध्यक्ष), विक्रम सिंह गुर्जर, अनिल सोनावत, कैलाश शर्मा (गुडली इकाई कोषाध्यक्ष), हितेश शर्मा, अनिल मेहता (मादड़ी इकाई), अमरसिंह (सुखेर इकाई), दीपक चौधरी (गिरवा इकाई), दीपांक भटनागर, प्रकाश हाड़ा (उदयपुर इकाई), उद्योग दर्शन संयोजक राजेंद्र सुराणा, सह संयोजक पवन कोठारी, महेंद्र सिंह चौहान, प्रिंस चौबीसा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।


राजस्थान बोर्ड 10वीं की परीक्षा शुरू:7 केंद्रों पर 1218 स्टूडेंट्स दे रहे परीक्षा, धमाणा में पहली बार बना परीक्षा केंद्र



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं गुरुवार से कपासन ब्लॉक क्षेत्र में शुरू हो गई हैं। क्षेत्र में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 1218 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इस बार धमाणा में नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह केंद्र विधायक अर्जुन लाल जीनगर की अनुशंसा पर शुरू किया गया है। सभी परीक्षार्थियों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य है। धमाणा के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 10वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र की शुरुआत पर विशेष स्वागत समारोह रखा गया। परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर, उपरना ओढ़ाकर और गुड़ खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच भगवान लाल जोशी, भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री सुनील व्यास, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चास्टा, पूर्व प्रधान दुर्गा शंकर तिवारी, वार्ड पंच रमेश जोशी, हेमंत पाराशर, सुरेश जाट, गिरिराज राठी, महेश व्यास, नरेंद्र जोशी, प्रेमनारायण व्यास, किशन रेगर, यशवंत जोशी, उदय लाल रेगर, मंसूर मोहम्मद, सुनील जाट, मांगीलाल जाट, चंद्रशेखर जोशी, सविता व्यास, सुनीता व्यास, कल्पना व्यास, मधु जोशी और दीपू जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।ग्रामीणों ने नए परीक्षा केंद्र के लिए विधायक जीनगर का आभार जताया।

उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 251.5 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। घासा थाना पुलिस ने 251.5 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्यवाही का विवरण जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) और सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार (वृत्त मावली) के सुपरविजन में घासा थाना अधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर खेडाखुट माताजी मंदिर, खाम की मादड़ी क्षेत्र में एक ब्रेजा कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से 13 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 251.5 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया गया। आगे की जांच पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और प्रकरण की अग्रिम जांच थानाधिकारी हुकम सिंह (डबोक) द्वारा की जा रही है। पुलिस टीम का योगदान इस कार्रवाई में थानाधिकारी प्रवीण सिंह, स.उ.नि. हीरा लाल, स.उ.नि. मनोहर सिंह, कानि. महेंद्र सिंह, कानि. विश्वराज सिंह, कानि. माधव सिंह, और कानि. सुरेश कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों की पहचान और उनके नेटवर्क की जांच कर रही है, जिससे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर और कड़ी कार्रवाई की जा सके।

बाइक सवार से लूटपाट का एक आरोपी गिरफ्तार:कैश और मोबाइल लेकर हुआ था फरार, 3 लुटेरों की तलाश जारी



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर कोतवाली थाना पुलिस ने लूटपाट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास एक बाइक सवार के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पर्स में रखे 10 हजार रुपए और मोबाइल लूटकर आरोपी फरार हो गया था। कोतवाली थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अमित यादव पुत्र कुरियाजी यादव निवासी भासोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि वह और उसकी बहन मनीषा दोनों अहमदाबाद में मजदूरी करते हैं। 3 मार्च को वह बहन के साथ अहमदाबाद से अपने घर आने के लिए निकला था। बलवाड़ा रेलवे फाटक क्रॉस करते समय पीछे से एक बाइक पर 4 लड़के ओवरटेक करते हुए आए। चारों ने बाइक आगे खड़ी कर रोक दिया। जेब में रखा पर्स और मोबाइल लूट लिया। पर्स में 10 हजार कैश, एटीएम कार्ड, आरसी, पेन कार्ड रखा हुआ था। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी सुनील (21) पुत्र शांतिलाल दुहा मीणा निवासी बिलुडा पुलिस थाना बिछीवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के नाम बताए हैं। पुलिस ने नामजद कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अजमेर से पकड़े गए शराब तस्कर



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 18 लाख की शराब तस्करी के मुख्य आरोपी सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राजस्थान गुजरात के रतनपुर बॉर्डर से पंजाब, चंडीगढ़ और राजस्थान निर्मित अवैध शराब बरामद की थी। 5 हजार का इनामी आरोपी टॉप 10 वांछित था। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि 10 फरवरी को राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर पकड़ा गया था। कंटेनर की तलाशी में 18 लाख रुपए की अवैध शराब मिली थी। जिसमें चंडीगढ़, पंजाब के साथ ही राजस्थान निर्मित शराब के 249 कार्टन शराब भरी हुई थी। पुलिस ने मौके से हेमसिंह उर्फ हेमू रावत (22) पुत्र मोतीसिंह रावत निवासी गुड़ा जिला ब्यावर को गिरफ्तार किया था। पुलिस मामले में शराब तस्करों की कड़ी जोड़ रही थी। थानाधिकारी ने बताया कि शराब को मुख्य तस्कर दुर्गेश उर्फ दुर्गासिंह (33) पुत्र लालसिंह रावत राजपूत निवासी बड़ी समेल जिला ब्यावर और अशोक (26) पुत्र फतेह सिंह रावत राजपूत निवासी मोडा काकर जिला राजसमंद को नामजद कर तलाश की जा रही थी। मुख्य तस्कर दुर्गेश उर्फ दुर्गासिंह टॉप 10 आरोपी होने से उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस को दोनों तस्करों के अजमेर में होने का पता लगा। जिस पर पुलिस टीम अजमेर पहुंची, जहां से दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस शराब तस्करी को लेकर दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं गुजरात में शराब तस्करों से भी तार जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

गैंगस्टर ने 2 करोड़ मांगे,पुलिस ने 76-लाख का बिल थमाया:बिजनेसमैन बोला-रुपए ही होते तो पुलिस के पास क्यों जाता; मुझे पहले ही बता देते



24 न्यूज अपडेट

गैंगस्टर रोहित गोदारा ने जयपुर के एक बिजनेसमैन से 2 करोड़ की रंगदारी मांगी। इसके बाद पुलिस ने बिजनेसमैन और उसके परिवार की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी तैनात किए थे। अब पुलिस विभाग ने बिजनेसमैन को 76 लाख रुपए का सिक्योरिटी बिल भेजा है। बिजनेसमैन का कहना है कि रुपए ही होते तो वह पुलिस के पास क्यों जाता?

दरअसल, गैंगस्टर रोहित गोदारा ने दिसंबर-2023 में बनीपार्क निवासी कपड़ा बिजनेसमैन को वॉट्सऐप कॉल पर धमकी दी थी। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने तीन-बार वॉट्सऐप कॉल कर 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी।

बिजनेसमैन का कहना है- पहली बार कॉल आने पर हल्के में लिया। दोबारा रोहित गोदारा के नाम से कॉल आया। बात करते हुए थाने पहुंच गया। वहां पर एसएचओ और एसीपी मौजूद थे, एसएचओ की कॉल पर बात करवाई। जांच करने के बाद कॉल रोहित गोदारा का ही होना बताया। डीसीपी और एडिशनल पुलिस कमिश्नर से मिलकर रंगदारी मांगने के मामले के बारे में बताया। 17 जनवरी 2024 से 24 घंटे के हिसाब से 2 गनमैन सुरक्षा में लगा दिए गए। तब से एक-एक गनमैन बदलते हुए उनके साथ ही रहते हैं। अब भी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात है।

सिक्योरिटी नोटिस आने पर लगा झटका

14 महीने बाद अब एडिशनल डीसीपी (आसूचना एवं सुरक्षा) की ओर से बिजनेसमैन को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध करवाने के बदले 76 लाख 17 हजार 264 रुपए जमा करवाने का बिल दिया गया है। अब तक पुलिस पर विश्वास कर चैन से सो रहे बिजनेसमैन के पास सिक्योरिटी नोटिस आने पर नींद उड़ गई।

उदयपुर जिले में दो महीने में 188 दुर्घटनाओं में 72 लोगों की गई जान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि सड़क हादसों में हर साल कई घरों की खुषियां छीन जाती हैं। हादसों में कमी लाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने अथवा उसमें कमी लाने के लिए सभी को सामूहिक रूप से इमानदारी से प्रयास करना होगा। श्री मेहता गुरूवार को जिला परिषद सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले में वर्ष 2024 में 1197 सड़क हादसों में 497 लोगों की मृत्यु हुई। वहीं 2025 में अब तक 188 दुर्घटनाओं में 72 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हादसों में कमी लाने के लिए समझाइष और सख्ती का समन्वय रखते हुए काम करने की आवष्यकता है। उन्होंने परिवहन विभाग और पुलिस अधिकारियों को ओवरलोडिंग, रोंग साइड ड्राइविंग सहित अन्य यातायात नियमों की अवहेलना भी सख्ती से कार्यवाही करने के साथ ही आमजन को जागरूक करने के लिए भी समेकित प्रयासों के लिए निर्देषित किया। प्रारंभ में समिति के सदस्य सचिव तथा पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता शहर राजीव अग्रवाल ने गत बैठक कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाष सहित विभागीय अधिकारीगण तथा सदस्य उपस्थित रहे।

नाबालिग बाइकर्स पर लगे अंकुश

बैठक में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा बाइक चलाने की समस्या पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चे बाइक लेकर पहुंच रहे हैं। बच्चों और अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। आवश्यकता होने पर चालान भी बनाए जाएं।

एनएचएआई व आबकारी से मांगी रिपोर्ट

बैठक में हाईवे किनारे कंटेनर्स में चल रही शराब की दुकानों के बिन्दु पर भी चर्चा हुई। इसमें जिला कलक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से ऐसे स्थलों को चिन्हित कर आबकारी विभाग को लिखे तथा आबकारी विभाग को उस पर अपनी टिप्पणी के साथ रिपोर्ट देने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों को एक्जामिन कराकर आवश्यकतानुसार हटवाने की कार्यवाही की जाएगी।

कमेटी गठित करने के निर्देश

बैठक में वॉल सिटी में ग्रीन मोबिलिटी जोन घोषित करने के बिन्दु पर भी चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने एडीएम, एएसपी, युडीए, नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त कमेटी ग्रीन मोबिलिटी जोन के लिए संभावित स्थल, अपेक्षित पार्किंग व्यवस्था आदि का अध्ययन करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को करें पुरस्कृत जिला कलक्टर ने घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जीवन बचाने वालों के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षक योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। पात्र लोगों को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत किया जाए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों।

यह भी दिए निर्देश

हाईवे पर किडाकन कोटड़ा टोल प्लाजा के समीप सड़क किनारे खड़े रहने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन एवं पुलिस विभाग निरंतर चालान बनाएं। हाइवे पर गलत साइड चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। जिले भर में हाइवे पर अवैध कट को चिन्हित कर बंद कराया जाए। नेषनल हाइवे व स्टेट हाइवे पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर अपेक्षित सुधार कराया जाए।

जिन घरों में सोलर प्लेट उन्हें मिलेगा 150 यूनिट का लाभ:ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा- पहली बार सदन में बिजली को लेकर हल्ला नहीं



24न्यूज अपडेट

राजस्थान सरकार में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए राजस्थान में चल रही बिजली योजना को लेकर जानकारी दी। कहा कि इस बार बजट में 150 यूनिट निशुल्क बिजली की घोषणा की गई है। उसमें उन्हीं उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी जिनके घरों में सोलर कनेक्शन इंस्टॉल किया जाएगा। इसके लिए राजस्थान सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत उपभोक्ताओं को जोड़ा जाएगा। हीरालाल नागर के बयान के बाद अब उन अटकलें पर मुहर लग गई है जिसमें यह कहा जा रहा था कि गहलोत सरकार द्वारा शुरू की गई घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री बिजली यूनिट की योजना को अब बंद कर दिया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने अपने बयान में साफ किया कि लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत रजिस्टर्ड है।

केंद्र की योजना के तहत मिलेगा लाभ

अभी जो मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के तहत जो 100 यूनिट बिजली वर्तमान में राजस्थान के पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलती है। उसे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जोड़ा जाएगा। प्राथमिकता से सोलर प्लेट लगाकर उनका 150 यूनिट मुक्त बिजली देने का काम प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इसे आने वाले 2 से 3 महीना के अंदर धरातल पर उतारा जाएगा। जो भी मुख्यमंत्री निशुल्क योजना के तहत लाभान्वित उपभोक्ताओं है उन्हें पीएम सूर्य योजना के तहत लाभ मिलेगा।

सोलर उत्पादन में हम आगे

सोलर उत्पादन में राजस्थान देश में हब बनता है रहा है। इसका उपयोग हम राजस्थान के भविष्य को सुधारने में करेंगे। हमने 30000 मेगावाट के पार्क डेवलप करने का निश्चय किया है। जिसमें बड़ी कंपनियों के माध्यम से एग्रीमेंट कर रहे हैं। जिनके साथ भागीदारी में सोलर का उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा सोलर कंपनियों को जमीन आवंटन के लिए हमने नीति बनाई है। आने वाले समय में राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में और बढ़ोतरी करेगा।

पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में डॉग शो 9 मार्च को

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 06 मार्च। पशु कल्याण जागरूकता माह के अंतर्गत राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 9 मार्च को डॉग शो (ष्वान प्रदर्शन) का आयोजन किया जायेगा। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस श्वान प्रदर्शन में सम्मिलित होने वाले सभी श्वानों का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। श्वान प्रदर्शन में भाग लेने वाली प्रत्येक नस्ल के सर्वश्रेष्ठ श्वान के मालिकों को सम्मानित किया जायेगा। सभी नस्लों में सर्वश्रेष्ठ रहे श्वान को बेस्ट ऑफ द शॉ का अवार्ड दिया जायेगा। डॉ. छंगाणी ने बताया कि इस अवसर पर श्वानों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, श्वान प्रेमियो हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्वानों के प्रति दया, प्रेम, करुणा का भाव रखने व उनके व्यवहार को पहचानते हुए उन पर की जाने वाली क्रूरता की रोकथाम करना है।

उड़ीसा से तस्करी कर भरतपुर तक ले आए 1 करोड़ का गांजा, कोटपूतली-बहरोड़ में करनी थी सप्लाई, 2 तस्कर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भरतपुरः जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. गहनौली मोड़ थाना पुलिस ने 600 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. जब्त किए गए मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है. गांजा उड़ीसा से लाया गया था और कोटपूतली-बहरोड़ में सप्लाई किया जाना था.

नाकाबंदी के दौरान पकड़ा गांजा तस्कर गिरोहः एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि गत 5 मार्च को पुलिस टीम ने नेशनल हाइवे-123 (धौलपुर-भरतपुर मार्ग) पर गहनौली तिराहे के पास सशस्त्र नाकाबंदी कर रखी थी. रात 8:25 बजे पुलिस ने धौलपुर की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश की. पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को घेरकर रोक लिया. जब ट्रक की तलाशी ली गई, इसमें 40 कट्टों में पैक 600 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. गांजे को प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर टेप से सील किया गया था. ऊपर से बांस रखकर छुपाया गया था. पुलिस ने मौके पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन किया, जिसमें गांजे की कुल मात्रा 600 किलोग्राम पाई गई.`

लक्जरी कार और 6 लाख रुपये चोरी कर फरार होने वाला ड्राइवर गिरफ्तार, कार और नकदी बरामद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लक्जरी कार और 6 लाख रुपये चोरी कर भागे एक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 32 लाख रुपये मूल्य की इनोवा हाईक्रॉस कार और 6 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

घटना का विवरण-शिकायतकर्ता अंकित भार्गव (निवासी सेक्टर 11, उदयपुर) ने 27 फरवरी 2025 को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। उसने 26 फरवरी को प्ज्ब् होटल में एक इवेंट के लिए मयंक करणपुरिया के माध्यम से एक इनोवा कार बुक की थी, जिसे जयकिशन नामक ड्राइवर चला रहा था। अंकित भार्गव दोपहर 12:30 बजे अपने निवास से कार में सामान और लैपटॉप बैग (जिसमें 6 लाख रुपये नकद थे) लेकर निकला। होटल की पार्किंग में कार छोड़कर वह अंदर चला गया। रात 8:00 बजे वापस लौटने पर बैग खोला तो नकदी गायब थी। ड्राइवर जयकिशन से पूछताछ करने पर उसने टालमटोल किया और फिर कार लेकर फरार हो गया।

पुलिस कार्रवाई- प्रकरण संख्या 109/2025 धारा 305 (बी) बीएनएस में थाना सुखेर में मामला दर्ज किया गया और चौकी प्रभारी कैलाशपुरी हरीश चंद्र द्वारा जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और वृताधिकारी कैलाश चंद्र के सुपरविजन में, थानाधिकारी रविंद्र सिंह (सुखेर) के नेतृत्व में तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपी जयकिशन (निवासी गांगरसोली, थाना कुम्हेर, जिला डीग) को गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी:32 लाख रुपये की इनोवा हाईक्रॉस कार, 6 लाख रुपये नकद

अवैध नल कनेक्शन वालों को अब सरकार भेजेगी जेल, राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज एक्ट 2025 का प्रारूप तैयार



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान विधान सभा में बुधवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (मांग संख्या-41) की 118.66 अरब रुपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गईं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के 42,000 से अधिक गांवों को पेयजल कनेक्शन देने के लिए 93,427 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

पिछली सरकार में बिना जल स्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित किए कनेक्शन दिए गए थे, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हुई। वर्तमान सरकार इस समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से जल स्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, ताकि प्रत्येक गांव और ढाणी तक पेयजल पहुंचे।

महत्वपूर्ण योजनाएं और सुधार

अमृत 2.0 योजना के तहत शहरी जल समस्याओं का समाधान राज्य के शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति बढ़ाने और पेयजल संकट को कम करने के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं।

नए जल स्रोतों का विकास और पुराने हैंडपंपों की मरम्मत

राज्य में 2,067 नए नलकूप और 2,916 नए हैंडपंप लगाए गए हैं। 2.91 लाख से अधिक खराब हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू किया गया है।

जल गुणवत्ता की सख्त निगरानी

पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1.14 लाख से अधिक जल नमूनों की रासायनिक और जीवाणु जांच की गई है।

अवैध जल कनेक्शनों पर कठोर कार्रवाई

अवैध कनेक्शन हटाने के लिए राज्यभर में अभियान चलाया जा रहा है। पकड़े गए अवैध कनेक्शनों को विच्छेद कर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है।

राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज एक्ट 2025 तैयार

राज्य सरकार ने नए जल एवं सीवरेज अधिनियम (RWSSC Act 2025) का प्रारूप तैयार किया है। इसमें जल दुरुपयोग, अवैध कनेक्शनों, बूस्टर पंप के अवैध उपयोग, और विभागीय कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

जल कनेक्शन प्रक्रिया को किया गया सरल

पहले जल कनेक्शन लेने की प्रक्रिया जटिल थी, लेकिन अब इसे सुव्यवस्थित और सरल बना दिया गया है। अब उपभोक्ता को केवल 8,100 का एकल मांग पत्र भरना होगा, जिससे रोडकट अनुमति, मीटर खरीदने और अन्य औपचारिकताओं के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार

कंज्यूमर कॉल सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रणाली लागू की जाएगी। भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बजट प्रावधान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा विभिन्न पेयजल परियोजनाओं के लिए जयपुर जिले हेतु 2,675 करोड़ और अजमेर जिले हेतु 1,077 करोड़ के बजट प्रावधान किए गए हैं।

इन योजनाओं से 2053 तक की अनुमानित जनसंख्या के लिए जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

वैन में लगी आग :गाड़ी के अंदर था गैस किट, ड्राइवर और सवारियों ने कूदकर बचाई जान



24 न्यूज अपडेट

अजमेर के भगवानगंज स्थित श्मशान घाट के पास वैन को स्टार्ट करते वक्त आग लग गई। आग लगते ही वेन चालक और दो सवारी युवती ने तुरंत नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रामगंज थाना पुलिस ने अग्निशमन विभाग की गाड़ी को मौके पर बुलाया और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि रामगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नगरा निवासी वेन चालक रामकुमार आज दो सवारियों को छोड़ने के लिए जा रहा था। भगवान गंज शमशान घाट के पास चालक गाड़ी को साइड में रोककर टॉयलेट करने के लिए चला गया। आग लगते ही वेन चालक और वैन में सवार दो युवतियों ने तुरंत वैन से उतरे और अपनी जान बचाई। सूचना पर वार्ड पार्षद हेमंत सुनारीवाल के साथ ही रामगंज थाना प्रभारी डॉक्टर रविश सामरिया पुलिस जाब्ते के साथ भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। वैन के अंदर गैस किट होने के चलते क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किसी तरह के जनहानि ना हो इसे देखते हुए एबुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया। वार्ड पार्षद हेमंत सुनारीवाल ने बताया कि भगवानगंज स्थित श्मशान घाट के पास एक वैन में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी।

सज्जनगढ़ की पहाड़ियों में विकराल आग, रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ी, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर : जिले के सज्जनगढ़ की पहाड़ियों में लगी आग तीसरे दिन भी बेकाबू बनी हुई है. तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया है और तेजी से फैल रही है. आग के बढ़ते प्रभाव के कारण अब यह रिहायशी इलाकों तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है. उदयपुर कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल और DFO अजय चित्तौड़ा मौके पर मौजूद हैं. धुआं पहाड़ी इलाके से सड़क तक पहुंचने लगा है. कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि 2 दिन से लगी आग को कंट्रोल कर लिया गया था, लेकिन तेज हवा की वजह से आग फैलती गई. उदयपुर जिला प्रशासन के द्वारा लगातार आग पर काबू करने का प्रयास किए जा रहे हैं. फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और अन्य माध्यम से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन पहाड़ी इलाका होने के कारण राहत कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं. लोगों से सतर्क रहने की अपील : आग धीरे-धीरे आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है, जिसके कारण प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है. प्रशासन ने इस संबंध में अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है. जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें आग बुझाने के प्रयासों में जुटी हैं. अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत पड़ने पर प्रशासन से संपर्क करने की अपील की है. फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी और सूखा मौसम जंगलों में आग लगने की संभावना को बढ़ाते हैं, लेकिन इस आग के पीछे कोई अन्य कारण है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है.

लक्ष्मीलाल और शंकरलाल को मिला पट्टा, तो शांतिलाल और सोहनलाल का खुल गया नामांतरण



24 न्यूज अपडेट

राजसमन्द। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हर माह के प्रथम गुरुवार को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। कह सकते हैं कि गाँव की समस्या का गाँव में ही समाधान हो रहा है और ग्रामीणों को बार-बार जिला मुख्यालय आने की झंझट से मुक्ति मिली है।

गुरुवार को मोही ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम स्तरीय जनसुनवाई भी कई लोगों के लिए राहत लेकर आई। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा भी इस जनसुनवाई में पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुन त्वरित राहत प्रदान की। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान होकर हाथों-हाथ राहत दे दी गई।

विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि मोही की जनसुनवाई में गाँव के लक्ष्मी लाल कीर, शंकर लाल कीर, शकील मोहम्मद और जगदीश तेली की शिकायत पर कलक्टर असावा द्वारा हाथों-हाथ पट्टा वितरण कर राहत प्रदान की गई। ऐसे ही प्रधानमंत्री वय वंदना योजना में संपात महात्मा, मोगी देवी महात्मा, कमला सिसोदिया, गणपत लाल सिसोदिया का मौके पर ही पंजीयन कर आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। अब ये व्यक्ति देशभर के सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में भी निशुल्क उपचार ले सकेंगे।

ऐसे ही शांतिलाल पिता रूप लाल तेली और सोहन लाल पिता नाना रैगर का मौके पर ही नामांतरण खोल दिया गया। जनसुनवाई में कुल 33 प्रकरण सामने आए और प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया।

शिकायतों को लेकर रहें संवेदनशील :

जिला कलक्टर असावा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन और विशेष रूप से निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित कर राहत प्रदान करें। कलक्टर ने कहा है कि हर शिकायत का अध्ययन करते हुए यथा संभव मौके पर राहत देने का प्रयास करें।

जनसुनवाई में राहत पाकर ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में प्रधान पंचायत समिति राजसमंद अरविंद सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, समाजसेवी दिग्विजय सिंह भाटी, विकास अधिकारी महेश गर्ग, तहसीलदार विजय रेगर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

अब होगी ब्लॉक और जिला स्तरीय सुनवाई :

ग्राम स्तरीय जनसुनवाई के समापन के बाद अब ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई एवं 20 फरवरी को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। आमजन जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

सज्जनगढ की पहाड़ियों पर आग का जायजा लेने पहुंचे सांसद डॉ रावत, पुख्ता व्यवस्था नहीं होने पर चिंता जताई



24 न्यूज अपडेट

आग नियंत्रित करने हेलीकॉप्टर के लिए सीएमओ फोन किया, पहाडी पर टांके व रास्ते बनाने का सुझाव दिया

उदयपुर। सज्जनगढ की पहाडियों पर लगातार आग की घटनाओं पर सांसद मन्नालाल रावत ने गुरुवार को मौके का दौरा किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस तरह के हालात से निबटने के लिए पहले से पुख्ता व्यवस्था करें। हर साल पहाडियों पर आग की घटनाएं चिंताजनक है। सांसद श्री रावत सुबह सज्जनगढ की पहाडियों पर आग लगने की सूचना मिलने पर मौके के लिए रवाना हुए। इस दौरान कलेक्टर नमित मेहता व वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हालात का जायजा लेने के बाद सांसद श्री रावत ने आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद लेने का प्रशासन को सुझाव दिया। सांसद ने हेलीकॉटर व्यवस्था के लिए मौके से ही सीएमओ को भी फोन किया। अधिकारियों से चर्चा के बाद सांसद श्री रावत ने कहा कि बार-बार होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग को जगह-जगह टांके का निर्माण करवाना चाहिए और साथ ही फव्वारा प्रणाली विकसित करनी चाहिए ताकि आग लगने की सूचना पर तत्कालीन मशीनरी काम कर सके। उन्होंने चिंता जताई कि आग लगती है तब पहाडी पर जाने के लिए रास्ते तक नहीं होते। ऐसे में आग बुझाने में काफी वक्त लग जाता है। वन विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि पहाडी पर जाने के लिए वैकल्पिक रास्तों का भी निर्माण करें जिससे ऐसी आपातकालीन घटनाओं के वक्त तुरंत काम किया जा सके। सांसद श्री रावत ने आग बढे नहीं इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों को सचेत रहने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाः 12 मार्च तक करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

24 न्यूज अपडेट

चित्तोडगढ 06 मार्च / प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट फेज-2 के तहत चित्तौड़गढ़ जिले के लिए आंवटित 141 अवसरों के लिए 14 फरवरी से 12 मार्च तक पंजीयन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत पंजीयन करने के लिए पोर्टल pminternship.mca.gov.in पर योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी अपना पंजीयन करवा सकते है। अभ्यर्थी की आयु 21 से 24 वर्श मे मध्य होनी चहिए। पंजीयन के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, डिग्री अथवा आईटीआई उत्तीर्ण है। पारिवारिक आय 8 लाख से कम हो। साथ ही साथ उनके परिवार का कोई सदस्य राज्य कर्मचारी नहीं हो। वे आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप के दौरान 12 माह के लिए प्रतिमाह 5 हजार रूपए की वृत्तिका देय होगी। एकमुश्त 6 हजार रूपए दिए जाने भी प्रस्तावित हैं। यह जानकारी आईटीआई के उपनिदेशक (प्रशिक्षण) ने दी

सांसद मन्नालाल रावत ने सुनी एमपी के मजदूरों की व्यथा, अधिकारियों को भुगतान दिलवाने के निर्देश दिए

-मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लिया सांसद ने, मजदूरों के पास गए और बात सुनी

-मजदूरों को लेकर डीएफओ ऑफिस भी गए, डीएफओ ने कहा-सबको नियमानुसार खाते में भुगतान मिलेगा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मध्यप्रदेश से आए मजदूरों को उनकी मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं मिलने और कलेक्टी के बाहर पुलिस द्वारा उनको खदेडने के मामले में मीडिया में आई खबरों पर संज्ञान लेते हुए सांसद मन्नालाल रावत गुरुवार को दोपहर में सभी मजदूरों से मिले और उनकी बात सुनी। बाद में उन्होंने इस मामले में वन विभाग के रेंजर से लेकर डीएफओ तक के अधिकारियों से मौके पर ही बात कर जल्दी इस मामले का सुलटारा करने तथा मजदूरों को उनका वाजिब भुगतान दिलाने के निर्देश दिए। सांसद श्री रावत दोपहर में गांधी ग्राउंड पहुंचे जहां बाहर इन मजदूरों से बुधवार से डेरा डाल रखा है। करीब डेढ सौ मजदूरों में कई महिलाएं और बच्चे भी है जिनसे सांसद ने सबसे पहले उनके खाने और रहने की व्यवस्था के बारे में पूछा। सारे लोगों को निगम के रैन बसेरा के हॉल में एकत्र कर उनसे पूरे मामले के बारे में पूछा। मजदूरों की ओर से लालजी ने बताया कि ठेकेदार ने उनको 70 रुपए प्रति खड्डा खोदने तथा नाडी बनाने के लिए बुलवाया। इस पर करीब 186 लोग पहुंचे और परसाद व अन्य जगहों पर खड्डों की खुदाई व नाडी बनाने का काम किया। जब भुगतान का समय आया तो ठेकेदार बदल गया और उसने 25 रुपए प्रति खड्डे के हिसाब से ही भुगतान की बात कही। सांसद ने जब मजदूरों ने एग्रीमेंट लिखित में होने की बात पूछी तो उन्होंने मना कर दिया और बताया कि सारा काम विश्वास पर किया गया। सांसद ने मजदूरों के सामने ही मामले से जुडे रेंजर से फोन पर बात की और बाद में डीएफओ मुकेश सैनी से भी मामले की जानकारी लेकर मामले को जल्दी निबटाकर मजदूरों को भुगतान दिलाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि डेढ सौ से ज्यादा मजदूर चार दिन से इधर-उधर भटक रहे हैं। उनके रहने खाने की भी दिक्कत है। महिलाएं और बच्चे भी है इसलिए इनका वाजिब भुगतान दिलवाकर इनके गांव रवाना करें ताकि होली का त्योहार मना सके। मजदूरों की मांग पर सांसद श्री रावत कुछ मजदूरों को लेकर डीएफओ मुकेश सैनी के चेतक सर्कल स्थित ऑफिस भी पहुंचे। वहां मजदूरों व डीएफओ की आमने-सामने बात करवाई। डीएफओ ने कहा कि सरकारी नियमानुसार जो भी भुगतान बन रहा है वो उनको दिलवा देंगे और नगद भुगतान की बजाए प्रत्येक मजदूर के खाते में भुगतान करवाया जाएगा ताकि बाद में कोई विवाद नहीं हो। करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों के बीच बातचीत करवाने के बाद सांसद ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनका भुगतान हो जाएगा। साथ ही खदेडने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर वे पुलिस अधिकारियों से बात करेंगे। बीमार महिलाओं और बच्चों के इलाज के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिए।

महिला सशक्तीकरण के बिना राष्ट्र को मजबूत नहीं बनाया जा सकता- डीडीएम नाबार्ड



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। देलवाड़ा ब्लॉक के उपली ओड़न गांव में नाबार्ड द्वारा एकजूट महिला एफपीओ और बायफ संस्थान के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की कड़ी में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीडीएम (जिला विकास प्रबंधक) नाबार्ड आशीष जैन ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनने हेतु नाबार्ड से जुड़ने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने नाबार्ड और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

आशीष जैन ने कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने सभी महिलाओं को अपनी बालिकाओं को कॉलेज तक शिक्षा दिलाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी सीढ़ी है, जो जीवन को एक नई ऊंचाई तक ले जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी समूह की माताओं और बहनों को स्वरोजगार से जुड़कर उद्यमी बनना चाहिए, जिससे उनके परिवार की आय में वृद्धि हो सके।

जैन ने यह भी बताया कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रेम शंकर जीनगर ने बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूह को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नाथद्वारा के बारे में भी संक्षेप में बताया।

एकजूट महिला एफपीओ से राखी पालीवाल ने एफपीओ और समूह की भूमिका के बारे में जानकारी दी और महिलाओं को सशक्त बनने के महत्व को बताया। बायफ संस्थान से देवीलाल जाट ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों और सरपंच करोली ने भी भाग लिया और महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में लगभग 103 महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

वंडर सीमेंट लि. द्वारा NCC, नवानिया को विकास हेतु सहयोग

शैक्षणिक संस्थानों के विकास में वंडर सीमेंट निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका - नितिन जैन



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/वंडर सीमेंट लिमिटेड़, निम्बाहेड़ा द्वारा नींव इनिशिएटिव के तहत आज 6 मार्च को यूनिट हेड नितिन जैन ने NCC, नवानिया के कमांडिग ऑफिसर, कर्नल प्रकाश कुमार एन को प्रशिक्षण सुविधाओं को बेहतर करने हेतु राशि दस लाख रु का सहयोग* प्रदान किया। इस अवसर पर *नितिन जैन ने बताया कि वंडर सीमेंट लि. द्वारा समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को सहयोग किया जाता रहा है , इसी क्रम में आज NCC 2 Raj R&V Regt, नवानिया, को घुड़सवारों के प्रशिक्षण मैदान में निर्माणाधीन सुविधाओं के लिए सहयोग प्रदान किया गया है। इस सहयोग से पुरे क्षेत्र के तीन हजार से अधिक NCC कैडेट्स को लाभ मिलेगा। इस सहयोग के लिये कर्नल प्रकाश ने वंडर सीमेंट का आभार व्यक्त किया और बताया की घुड़सवारों के प्रशिक्षण हेतु किये गये सहयोग से कैडेट्स बेहतर घुड़सवारी - बेहतर तकनीक के साथ कर सकेंगे एवं उनके लिए विभिन्न क्षेत्रों जैसे हंटर-जंपर्स, हॉर्स ड्राइविंग इवेंट, वॉल्टिंग, पोलो, बैरल रेसिंग व राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों की तैयारी की शुरुआत हो सकेगी। इस अवसर पर पाटनी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गिरीश बाबू एम एम सहित सम्बंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

भाग्यश्री ने जवाई के आरामगाह रिसॉर्ट में बिताए यादगार पल, लेपर्ड सफारी का लिया आनंद



24 न्यूज अपडेट

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने हाल ही में राजस्थान के प्रसिद्ध जवाई क्षेत्र में दो दिन बिताए, जिसे उन्होंने अपनी ज़िंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान जवाई के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और यहाँ की कला एवं परंपराओं की खूब प्रशंसा की।

भाग्यश्री ने बताया कि राजस्थान से उनका विशेष लगाव है और यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर, समृद्ध संस्कृति और मेहमाननवाजी उन्हें हमेशा आकर्षित करती रही है। उन्होंने जवाई की प्रसिद्ध लेपर्ड सफारी का भी आनंद लिया और अपने परिवार संग रोमांचक पलों का अनुभव किया।

लेपर्ड सफारी का अनूठा अनुभव

जवाई अपनी लेपर्ड सफारी के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहाँ की पहाड़ियों और प्राकृतिक वातावरण में तेंदुओं को उनके प्राकृतिक निवास में देखने का एक अनूठा अवसर मिलता है। अभिनेत्री ने भी इस रोमांचक सफारी का लुत्फ उठाया और यहाँ के वन्यजीवों को नजदीक से देखा। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था, जिसे वे कभी नहीं भूल पाएंगी।उन्होंने कुछ तस्वीरे भी साझा की आरामगाह रिसॉर्ट में सुकून भरे पल भाग्यश्री ने जवाई के एक विशेष रिसॉर्ट 'आरामगाह' में ठहरकर सुकून भरे पलों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि इस रिसॉर्ट का शांत और प्राकृतिक माहौल आत्मिक शांति प्रदान करता है। यहाँ की शानदार मेहमाननवाजी और पारंपरिक राजस्थानी आतिथ्य ने उनके प्रवास को और भी यादगार बना दिया।

भाग्यश्री ने राजस्थान के पारंपरिक रीति-रिवाजों, यहाँ की कला, शिल्प और वास्तुकला की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि जवाई न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि यह प्रकृति और संस्कृति का एक अनूठा संगम भी है।

उनके इस अनुभव ने राजस्थान के पर्यटन को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद की है, जिससे आने वाले समय में और भी अधिक सैलानी जवाई का रुख कर सकते हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।